# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 24** **अप्रैल-जून 2020**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

## श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

## श्रीमती अर्चना नायक

**संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**


## श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी.नागेद्र कुमार एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री एम. श्रीनिवास के मार्गदर्शन में दिनांक 24.06.2020 को मुख्य लेखा अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रथम बार बेबिनॉर के माध्यम से एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया ।

(पृष्ठ सं.4 देखें)



# जीएसटी दिवस

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 01-07-2020 के अपराह्न 12:00 बजे वीडियो कॉन्फरेंसिंग के जरिए जी.एस.टी. दिवस 2020 को मनाया गया । केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त श्रीमती अर्चना नायक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और जीएसटी में परिवर्तन के बारे में बताएं । सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त एवं समारोह के मुख्य अतिथि श्री एम. श्रीनिवास ने संबोधन किया । तदुपरांत सीजीएसटी, बेंगलूरु पूर्व की प्रधान आयुक्त श्रीमती आर.भाग्या देवी, सीजीएसटी, मैसूरु के प्रधान आयुक्त श्री संजय पंत, सीजीएसटी, बेंगलूरु पश्चिम के प्रधान आयुक्त श्री अजय सक्सेना ने जीएसटी के तीन वर्ष पूरे होने पर अपने-अपने अनुभव व मंतव्य रखे थें । तदुपरांत विभागीय अधिकारियों को प्रशंसा पत्रों की घोषणा की गई । फिर श्री अमितेश भरत सिंह, अपर महानिदेशक, डी.जी.टी.एस., बेंगलूरु द्वारा जीएसटी प्रतिदाय पर तैयार की गई ''पुस्तिका'' का विमोचन केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार के करकमलों से किया गया । उसके बाद, डी.जी.टी.एस., बेंगलूरु के अपर महानिदेशक श्री अमितेश भरत सिंह द्वारा भाषण । अंत में, केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त श्रीमती अर्चना नायक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।



श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार



श्री एम. श्रीनिवास

केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त श्रीमती अर्चना नायक ने ही कार्यक्रम का संचालन किया ।

# सीबीआईसी र्नाटक मास्क इंडिया-प्रोटेक्ट इंडिया अभियान


सीबीआईसी कर्नाटक मास्क इंडिया-प्रोटेक्ट इंडिया अभियान के हिस्से के रूप में फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के परिसर में कन्नड़ सिनेमा उद्योग के उत्पादन और लाइट बॉयस को जो लॉकडाउन के बाद से बिना काम के हैं, उन्हें कोविड 19 की टीम ने प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी.नागेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में और आयुक्त श्री जी. नारायणस्वामी के नेतृत्व में, श्री अमितेश भरत सिंह, अपर महानिदेशक, श्रीमती सविता सी वी (जिन्होंने अभियान के लिए बड़ी राशि दान की), श्री विजय बेल्लारी और श्री बी.एन. अरुणकुमार ने श्रमिकों को ड्राई राशन किट और सैनिटाइज़र, मास्क व साबुन प्रदान किए । इस कार्यक्रम में श्री सा रा गोविंदू, कर्नाटक फिल्म चैंबर के अध्यक्ष के साथ-साथ पदाधिकारी भी उपस्थित थे । सभी प्राप्तकर्ताओं की ओर से अध्यक्ष ने अधिकारियों और विभाग को धन्यवाद दिया । आज कोविड 19 समिति के लिए यादगार दिनों में से एक है । डी.जी.टी.एस., बेंगलूरु के अपर महानिदेशक श्री अमितेश भारत सिंह ने समिति द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में बात की और लोगों को मास्क पहनने का सही तरीका भी बताया और सैनिटाइज़र के उपयोग की महत्ता और सामाजिक दूरी व कोविड 19 की रोकथाम के बारे में भी बताया । यह कार्यक्रम टीवी चैनलों में भी छाया है ।





# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 24.06.2020 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत मुख्य लेखा अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा प्रथम बार बेबिनॉर के माध्यम से एक ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री एम. श्रीनिवास जी द्वारा किया गया । पूर्वाहन के दोनों सत्र में एच.ए.एल. के सेवानिवृत्त उप महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ.शंकर प्रसाद व्याख्यानदाता थे, जिन्होंने "राजभाषा नीति" पर प्रकाश डाला । तथा अपराहन के दोनों सत्र में हिंदी शिक्षण योजना, चेन्नै (कैंप: बेंगलूरु) के सहायक निदेशक (राजभाषा) ने टिप्पण और मसौदा लेखन पर व्याख्यान दिया ।






इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**